हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 16 नवंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


### समर्थन मूल्य : खाद्य सचिव ने केंद्रो का लिया जायजा

# राजस्व मंत्री वर्मा ने मालगांव में धान-खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा कांकेर जिले के एक दिवसीय प्रवासके दौरान धान खरीदी केंद्र मालगांव पहुंचकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया और किसानों से भी संवाद किया। राजस्व मंत्री मालगांव धान खरीदी में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं विक्रय के लिए किसान द्वारा लाए गए धान की पारंपरिक रीति-रिवाज व परंपरानुसार पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुरूआत किया। धान बेचने वाले किसान तीजूराम उसेण्डी से संवाद किया। किसान ने कहा कि हमने टोकन कटवा लिया था, इसलिए पहले दिन ही मेरा धान खरीदा गया। शुभारंभ के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, ▶▶| शेष पेज 10 पर





## खाद्य सचिव ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

**कांकेर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास की सचिव एवं राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, भू-अभिलेख आयुक्त रीना बाबा साहेब कंगाले 15 नवंबर को कांकेर जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने चारामा तहसील के धान खरीदी केन्द्र माहुद, चारामा, लखनपुरी तथा कांकेर तहसील के खरीदी केन्द्र नाथिया नवागांव तथा तहसील मुख्यालय सरोना स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए की गई व्यवस्था का अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की और धान विक्रय टोकन का अवलोकन भी किया। किसानों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सोसायटी मॉड्यूल से भी धान विक्रय के लिए टोकन कटवा सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी से धान खरीदी केन्द्रों के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति, उनका प्रशिक्षण, खरीदी केन्द्रों में नमी मापक यंत्र, बारदाना की व्यवस्था, डनेज व हमाल की व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए 94 हजार 192 किसानों का पंजीयन किया गया है तथा 85 प्रतिशत बारदाना की उपलब्ध कराए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अरूण वर्मा, जिला विपणन अधिकारी निधि दुबे, खाद्य अधिकारी जेजे नायक, उप पंजीयक सहकारी समिति आशुतोष ड़डसेना, तहसीलदार चारामा सतेन्द्र शुक्ल, तहसीलदार सरोना मोहित साहू, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी मनोज वानखेडे, जिला प्रबंधक नान आकाश राही उपस्थित थे।

## हार्वेस्टर की चपेट में आने से युवक हुआ घायल

पखांजूर। कापसी क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 2 में धान कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हार्वेस्टर की चपेट में आने से युवक लोकनाथ दास गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोकनाथ दास हार्वेस्टर के पीछे खड़ा था, उसी समय धान काट रही मशीन



अचानक पीछे आ गई और वह चपेट में आ गया। दुर्घटना में उसकी टांग बुरी तरह टूट गई। घायल को तत्काल पखांजूर के निजी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद ▶▶| शेष पेज 10 पर







## खबर संक्षेप



### कापसी में आधार सुविधा केंद्र का शुभारंभ, लोगों को राहत

पखांजूर। कापसी क्षेत्र के लोगों की एक लंबी और महत्वपूर्ण मांग पूरी हो गई है। कापसी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से आखिरकार कापसी में आधार सुविधा केंद्र का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस केंद्र के शुरू होने से अब क्षेत्र की जनता को आधार कार्ड में छोटे-मोटे बदलाव या नया आधार कार्ड बनवाने के लिए पखांजूर, गोंडाहुर, या बड़गांव जैसे दूर-दराज के स्थानों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपंकर दत्ता एवं वर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़ के प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने कापसी में आधार सेंटर की मांग को गंभीरता से लेते हुए इसे पूरा करवाया। ग्राम पंचायत छोटेकापसी भवन में इस आधार सेंटर का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, जिला उपाध्यक्ष दीपांकर दत्ता, जनपद सदस्य मनमथ मंडल के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस नई सुविधा से कापसी क्षेत्र के हजारों लोगों को अब उनके घर के करीब ही आधार से जुड़ी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर कापसी सरपंच प्रेमा जुर्री, बसंत जुर्री, मंडल उपाध्यक्ष तुषार सरदार, मंडल महामंत्री बिमल साहा अमित दास, अरूप सरकार, स्मृति रॉय, फूलवती मंडावी, हरिदास बिस्वास, ग्रामवासी और पंचगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शराब पीकर मचाया हल्ला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

कांकेर। पखांजुर पुलिस ने मुखबिर से मिली जानकारी मिली कि कुछ शराबीगण पखांजूर से ग्राम पीव्ही 55 जाने वाली सार्वजनिक स्थान रोड किनारे शराब पीकर हो हल्ला कर रहे है। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर घेराबंदी करते, उसके पहले कुछ व्यक्ति भाग गए, मौके पर एक व्यक्ति पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम विद्या चरण पटेल पिता पीताम्बर पटेल उम्र 36 वर्ष ग्राम पारसेन्द्री सराईपाली थाना सराईपाली जिला महासमुंद वर्तमान पता ग्राम पीव्ही 14 थाना पखांजूर बताया, उसके मुंह से शराब की गंध आ रही थी और शराब की बोतल, डिस्पोजल गिलास, चखना को पास के गंदी नाली में फेंक दिया। मौके पर से ही आरोपी विद्या चरण पटेल का मुलायजा करवाया और शराब सेवन पाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर कार्यवाही किया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, एक्टिवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

कांकेर। थाना नरहरपुर क्षेत्र में 31 अगस्त की शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना नरहरपुर में पदस्थ सउनि थानेश्वर साहू द्वारा मर्ग क्रमांक 91/2025 धारा 194 बीएनएस के तहत की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि दुर्घटना लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण हुई थी। पुलिस ने एक्टिवा चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (क) व 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक 20 वर्षीय सुनील कुमार मंडावी निवासी केकराखोली थाना दुगली जिला धमतरी अपने दोस्त सुभाष कुमार कावड़े निवासी बगरूमनाला थाना केरेगांव जिला धमतरी के साथ अंतागढ़ से काम करके मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 4483 से अपने घर लौट रहा था। मोटरसाइकिल को सुनील ही चला रहा था। दोनों युवक शाम करीब 7 बजे नरहरपुर से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग पर नरहरपुर पुल से कुछ दूरी पर परसा पेड़ के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनयू 7072 ने जोरदार टक्कर मार दिया था। जांच में पाया गया कि एक्टिवा चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। अचानक पीछे से टक्कर लगने के बाद मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे परसा पेड़ से जा टकराई, जिससे सुनील मंडावी को सिर, घुटना व पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुभाष कावड़े को भी सिर, बदन, सीना व कंधे में चोट पहुंची। गंभीर रूप से घायल सुनील को तत्काल रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 2 सितंबर 2025 को सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के बयान, परिजन व आहत के कथन तथा पीएम रिपोर्ट के अध्ययन के बाद यह पुष्टि हुई कि दुर्घटना एक्टिवा चालक की लापरवाही से हुई। पुलिस ने आरोपी एक्टिवा वाहन के चालक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

### कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस आदिवासियों की शहादत और संघर्ष की सदैव याद दिलाएगा

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का शानदार किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया वर्चुअल संबोधन

केन्द्र सरकार के आव्हान पर धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के अवसर पर देश भर में आज जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में वर्चुअल संबोधन किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उमावि के डोम में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आमजनता के नाम संदेश का वाचन किया। साथ ही प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन के सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से सुना गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से राजस्व मंत्री ने सीएम के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है। जनजातीय गौरव दिवस आदिवासियों की शहादत और संघर्ष की सदैव याद दिलाएगा, जिसे प्रधानमंत्री ने एक जन आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने आगे बताया कि देश की आजादी में आदिवासी महानायकों की बड़ी भूमिका रही है, उनके अतुलनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजस्व मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आदिकाल से जनजातीय संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां हल्बा, मुरिया, भारिया, बिंझवार, गोंड सहित अनेक जनजातियाँ स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी रही हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के वीरों का स्मरण करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति के महानायक वीर नारायण सिंह, बस्तर के भूमकाल विद्रोह के जननायक गुंडाधूर, शहीद गैंदसिंह, जंगल सत्याग्रही शहीद रामाधीन गोंड इन सभी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अद्वितीय योगदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजस्व मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा 2047 में देश को विश्व के अग्रणी एवं विकसित बनाने की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य लगातार प्रगति की शिखर की ओर बढ़ रहा है तथा आने वाले समय में निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ पूरा देश विकसित एवं समृद्ध बनेगा।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने अपना उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज के लिए बड़ी गरिमा का विषय है कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। आदिवासियों ने अपने जल, जंगल, जमीन और देश की आन-बान व शान के लिए संघर्ष किया। उनके योगदान को अविस्मरणीय बनाने की जिम्मेदारी शासन की ही नहीं अपितु प्रत्येक नागरिक की भी है। विधायक ने मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा आदिवासी कल्याण एवं विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी प्रकाश डाला। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में से कांकेर जिले के सर्वाधिक ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। आदि कर्म योगी, पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाओं से जिले के आदिवासियों को लाभान्वित करने का सतत प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

### राजस्व मंत्री ने स्टाल का किया अवलोकन

राजस्व मंत्री ने विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यंजन चीला, मुठिया, गुलगुला भजिया आदि का स्वाद चखा। इसके अलावा उन्होंने देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर जिला एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगर पालिका परिषद कांकेर अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा नेता सतीश लाटिया, महेश जैन, पार्षदगण सहित जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जया मनु के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



### छात्रावास में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



भानुप्रतापपुर। पीएमटी बालक छात्रावास भानुप्रतापपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हर्षोल्लास, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित विद्यार्थियों व पदाधिकारियों ने उनके सत्य, साहस, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के जीवन प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया गया और उनकी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की अपील की गई। जयंती कार्यक्रम में पीएमटी बालक छात्रावास भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष बिरेंद्र टेकाम, संयुक्त छात्रावास अध्यक्ष शंकर लाल दुग्गा, मिनेश्वर उसारे, जयता जाड़े, भुवन चुरेंद्र, ललित गावड़े, देव करण, नरेश उसेंडी, सुनील मंडावी, कैलाश दुग्गा, समीर, पुरुषोत्तम चुरेंद्र सहित अनेक छात्र व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गोंड़वाना समाज ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर किया माल्यार्पण

भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिरसा मुंडा प्रतिमा पर गोंडवाना समाज के सदस्य, महिला कर्मचारी एवं पुरुषों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। समाज के सदस्ययों ने कहा कि धरती आबा महामानव क्रांतिवीर प्राकृतिकपुत्र भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड की खूंटी जिले की उल्लीहातू में हुआ था। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और लोकनायक थे, जिन्हें आदिवासी समाज द्वारा धरती आबा और पृथ्वी के पिता के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य यूरोपीय लोगों को खदेड़कर एक स्वतंत्र और स्वच्छ राज्य की स्थापना करना जल जंगल जमीन की लड़ाई और धार्मिक और सामाजिक सुधारो को भी बढ़ावा दिया और शराब जादू टोना जैसी सामाजिक बुराइयों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। बिरसा मुंडा ने 19- 20 साल की छोटी सी उम्र



में पूरे देश के लिए उलगुलान की चेतना जागृत करने का कार्य किया। वे केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने मिशनरियों ,धर्मांतरण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई वर्ष 1895 में अंग्रेजी हुकूमत और मतांतरण करने वाले के खिलाफ हल्ला बोला, उन्होंने अबुआ दिशुम अबुवा राज का नारा दिया। जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत और जमीदारों के खिलाफ आंदोलन किया। इतिहास के पन्नों में भले ही बिरसा मुंडा का नाम 25 वर्ष की छोटी सी आयु में समाप्त हो जाता है, लेकिन लोकजीवन में वे आज भी उतने ही जीवित हैद्ध गीतों में स्मारकों में कथाओं में और आदिवासी चेतना की हर जगह वे विराजे हुए हैं। लोकगीतों में उन्हें धरती के रक्षक,अंधकार के प्रकाश और अस्मिता के रखवाले के रूप में गाया जाता है। उनकी यह छवि इतिहास की तुलना में जनमानस से अधिक उजली है क्योंकि इतिहास संघर्ष लिखता है, जबकि लोकगीत उसे आत्मा से जीते हैं। इस अवसर पर राधेलाल नुरूटी, अशोक तेता, लालसिंह पोटाई, मनोज मंडावी, राजेंद्र उसेंडी, मात्र शक्तियों में ब्रिज बत्ती मातलामी, यशोदा करंगा, अर्मिला शोरी, मंजूलता मंडावी, पायल नुरूटी, नीतू पोटाई, राजमणि नुरूटी, निर्मला गावडे, चनाप, तीलो गावडे, चंपा ठाकुर, रामप्यारी गावडे शामिल रहे।

## चोरी की कार गढ़पिछवाड़ी में मिली आरोप में पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

दस दिन पहले कोरर में डॉक्टर के घर से कार की चोरी हुई थी, जिसे पुलिस ने खोज निकाला। कार चोरी करने वाला उसके घर में काम करने वाला कर्मचारी ही निकला। कार को काकेर थानाक्षेत्र के गढ़पिछवाड़ी से कब्जा में लिया गया। जानकारी के अनुसार धाना कोरर निवासी प्रार्थी गजेन्द्र सिन्हा पिता महेश सिन्हा ने पुलिस को बताया था कि 05 नवंबर की सुबह रोज की तरह अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह करीब 6 बजे बाहर आने पर वाहन गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर भी कोई पता नहीं चलने से उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। लिखित शिकायत पर थाना कोरर में अपराध क्रमांक 45/2025 धारा 303(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलिसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के दिशा-निर्देशन में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर ग्राम केवटीनटोला में दबिश दी गई, जहां संदेही सुशील कुमार नायक को



हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह पूर्व में गजेन्द्र सिन्हा के घर 2 माह कार्य कर चुका है। 4 नवंबर को दोपहर लगभग 4 बजे वह गजेन्द्र सिन्हा के क्लिनिक से कार की चाबी चुपके से निकाल लाया और 5 नवंबर की सुबह करीब 3 बजे स्विफ्ट डिजायर कार चोरी कर ले गया। चोरी की गाड़ी को वह बेचकर पैसा कमाना चाहता था। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने गाड़ी को गढ़पिछवाड़ी कांकेर से बरामद कर जप्त किया। आरोपी 20 वर्षीय सुशील कुमार नायक पिता संतोष नायक निवासी ग्राम केवटीनटोला को 15 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में प्र.आर. कन्हैया पटेल, आरक्षक आत्माराम ध्रुव, विनोद कुमार साहू, तथा केतन ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नए धान खरीदी केंद्र की मांग पर किसान 17 को करेंगे चक्काजाम



दुर्गुकोंदल। दमकसा सहकारी समिति के अंतर्गत महेन्द्रपुर में नवीन धान खरीदी केंद्र स्थापित करने की वर्षों पुरानी मांग अब किसान आंदोलन के रूप में तेज होती दिखाई दे रही है। किसानों ने प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आगामी 17 नवंबर को बांसला और महेन्द्रपुर में संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। क्षेत्र के किसान लगातार बढ़ती समस्याओं और उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था को लेकर भारी नाराज हैं। सरपंच एवं किसान नेता चन्द्रिका नेताम ने बताया कि ग्राम पंचायत राउरवाही के आश्रित ग्राम महेन्द्रपुर में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग कई बार प्रशासन को भेजी गई है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। वर्तमान में किसानों को दमकसा केंद्र में धान बेचने के लिए भारी भीड़, जगह की कमी और लंबी प्रतीक्षा जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की कमी के कारण 10 से 15 किमी तक का अतिरिक्त परिवहन खर्च और समय की बर्बादी किसानों की परेशानी और बढ़ा रही है। किसानों द्वारा अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि नवीन केंद्र न खोले जाने से नाराज 790 किसान, ग्राम पंचायत चिहरो, आमाकड़ा, राऊरवाही और महेन्द्रपुर के, पहले ही 15 नवंबर को प्रतीकात्मक चक्काजाम कर चुके हैं। उस दिन किसानों ने स्पष्ट किया था कि यदि प्रशासन ठोस निर्णय नहीं लेता तो बड़े आंदोलन की शुरुआत होगी। किसानों का यह विरोध अब और उग्र रूप लेता दिख रहा है। सरपंच ने कहा कि 17 नवंबर को होने वाला चक्काजाम पिछले विरोध से बड़ा होगा और सम्बलपुर मंडी के सामने लगातार धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

## शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ के विद्यार्थियो ने राजधानी का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

- प्रथम बार ट्रेन और हवाई अड्डा देखने का अनुभव, विज्ञान केंद्र और आदिवासी संग्रहालय में शिक्षा का मजेदार संगम

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत राजधानी रायपुर का भ्रमण किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य उदेराम भूआर्य ने बताया कि शाला में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी आज तक कभी भी ट्रेन से सफर नहीं किए थे, जिसे ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियो के मंशा अनुरूप उन्हें प्रथम बार ट्रेन के सफर का सुखद अनुभव कराया गया।

भ्रमण की शुरुआत सर्वप्रथम भानुप्रतापपुर रेल्वे स्टेशन से हुई, जहां से ट्रेन के माध्यम से सभी राजधानी रायपुर पहुंचे एवं सर्वप्रथम राजधानी रायपुर के रेल्वे स्टेशन का भ्रमण किया। रेल्वे स्टेशन भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान के नियमों पर आधारित मजेदार खेल व ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त हुई एवं बारीकी से विज्ञान के नियमों को समझने का अवसर मिला। उसके बाद उन्हें स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का भ्रमण कराया गयाद्ध पहली बार हवाई अड्डा देखना बच्चों के लिए बेहद सुखद अनुभव रहा।

हवाई अड्डे के उपरांत विद्यार्थियों को परसदा स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण कराया गया, जिसको देखने के लिए विद्यार्थी बेहद व्याकुल व उत्सुक नजर आ रहे थे। स्टेडियम के भ्रमण उपरांत विद्यार्थियों को नवनिर्मित आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया, जहां उन्होंने आदिवासी संस्कृति के संबंध में बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारियां प्राप्त की।

भ्रमण के अंत में उन्हें छत्तीसगढ़ की विभिन्न सभ्यता व संस्कृतियों पर आधारित पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया, जिसके पश्चात शैक्षणिक भ्रमण का यह यात्रा पूर्ण हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 44 विद्यार्थी एवं 2 पालक समिति के सदस्य एवं 6 शिक्षक शामिल रहे। संपूर्ण भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए बहुत आनंदमय एवं ज्ञानवर्धक रहा।




### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में शाला के व्याख्याता सबल सिंह दीवान, विनोद कुमार साहू, बृजेश कुमार साहू, शिक्षक अनिल कुमार वर्मा एवं सहायक शिक्षक भुनेश कुमार उसेंडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इच्छापुर स्कूल की ब्लाक खेल स्पर्धा खिलाड़ियों ने दिखाया गजब का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत इच्छापुर स्थित शाउमावि इच्छापुर के खेल मैदान में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी दीपक कुमार साव ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना और अनुशासन को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग के लिए रस्साकसी एवं तवा फेंक, दोनों वर्गों के लिए 100 मीटर दौड़ तथा पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी और गोला फेंक आयोजित किए गए, जिसमें विकासखंड के प्रतिभागियों ने बढ़-




चढ़कर हिस्सा लिया। निर्धारित नियमों के अनुसार सभी खेलों में केवल प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि रस्साकसी एवं कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त टीमों को स्पोर्ट्स किट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नारायण पोटाई, प्रतिमा तेता और प्राचार्य सरिता भास्कर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। प्राचार्य द्वारा शुभारंभ किए गए इस आयोजन की रूपरेखा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र प्रसाद ने तैयार की तथा पूरा आयोजन जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के मार्गदर्शन में क्रियान्वित हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीनियर माय भारत स्वयंसेवक हर्ष कुमार डोंगरे द्वारा किया गया।

## भानुप्रतापपुर मंडल ने मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर संबलपुर रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक सहभागी बने।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा हमारे इतिहास के एक ऐसे उज्ज्वल अध्याय हैं। जिन्होंने जंगल, जल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वे केवल आदिवासी समाज के नायक नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके संघर्ष, त्याग और नेतृत्व ने देश को आत्मस्वाभिमान का संदेश दिया है। आज के दिन हम सबको उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही सच्ची सेवा है।



भाजपा संगठन सदैव जनजातीय समाज की उन्नति, शिक्षा और सम्मान के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम, कस्तूरचंद जैन, रत्नेश सिंह, शंकर लाल गांधी, रजिंदर रंधावा, संकेत नशीने मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, संदीप बुलचा ठाकुर, ललित गांधी, सुमित्रा साहू, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, संगीता टांडिया, डीकेश साहू, प्रेम शर्मा, कनक राजपूत, सुरेश टांडिया उपस्थित हुए।

पेज 11 के शेष...

### राजस्व मंत्री वर्मा ने...

पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन अधिकारियों में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा व अन्य अधिकारी व भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### हार्वेस्टर की चपेट...

गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए धमतरी रिफर कर दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में धान कटाई के मौसम में बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में हार्वेस्टर मशीनें आती हैं, मगर इनके पास आवश्यक वैध कागजात नहीं होते। ऐसे में दुर्घटना या मौत जैसी स्थिति में किसानों व पीड़ित परिवारों को मुआवजा और आर्थिक सहायता के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हार्वेस्टर मशीनों की जांच और आवश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

खबर संक्षेप

## नन्हे-मुन्ने बच्चों के किरदार ने मन मोहा



**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शैलेश कुमार द्वारा किया गया। पूरे विद्यालय प्रांगण में आनंद, उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने योग्य था। इस उपलक्ष्य में नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के बच्चों के लिए आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न किरदारों की सजीव प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा आनंद मेला, जिसका आयोजन बड़े बच्चों द्वारा किया गया। मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉल, खेल व गतिविधियां अत्यंत मनोहारी एवं आकर्षक रहीं।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विचार संगोष्ठी

# महापुरुषों के आदर्श आज भी पथप्रदर्शकः चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा छत्तीसगढ़ के महापुरुष के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी के मार्गदर्शन में शुरुआत छत्तीसगढ़ी राज्य गीत अरपा पैरी के धार से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष चंद्राकर उपस्थित रहे।

■ छत्तीसगढ़ की धरती महान विभूतियों की जन्मभूमि रही है



अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती ऐसी महान विभूतियों की जन्मभूमि रही है, जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व की राह दिखाई। उन्होंने वीर नारायण सिंह,पं सुंदरलाल शर्मा,ठाकुर प्यारेलाल सिंह,डॉ खूबचंद बघेल,स्वामी आत्मानंद,राजा प्रवीरचंद्र भजंदेव एवं गुंडाधुर के योगदान को रेखांकित किया। स्वामी आत्मानंद के नारायणपुर प्रवास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आदिवासी बाजार की दयनीय स्थिति देखकर उन्होंने वस्तु-विनिमय केंद्र की स्थापना कर जनसेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ की सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा सदैव समरसता और मानवता की प्रतीक रही है। यहाँ के महापुरुषों ने समानता, न्याय और नैतिक मूल्यों को अपने कर्म के केंद्र में रखा। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ऐसे विमर्श युवाओं को अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण का मार्ग और मजबूत होता है । इस दौरान डॉ दुर्गेश डिक्सेना,डॉ रविन्द्र कुमार,डॉ राकेश कुमार खरवार,डॉ अनीता कुर्रे,देवेन्द्र कुमार, सुश्री पूजा ठाकुर, प्रेमजीत निराला सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। बीए एवं एमए राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला के नूतन भारती,सुहाग कुंजम,विनीता नागेश,साक्षी नायक,गुड्डी राम,चंद्रिका,दिनेश मांडवी,सुमित्रा बघेल,कमली महेश्वरी सहित सभी अध्ययनशालाओं के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पहले दिन दो किसानों ने बेचा धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए बस्तर जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रारंभ हो गई है। बस्तर में 79 धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां 48,536 पंजीकृत किसानों से लगभग 3 लाख 11 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

पहले दिन 15 नवम्बर को दो किसानों ने धान विक्रय करने के लिए टोकन कटवाया और इन दोनों किसानों ने धान खरीदी केन्द्र पल्ली में 38 क्विंटल धान का विक्रय किया। किसानों से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों को प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान बेचने की सहूलियत होगी। धान उपार्जन कार्य की मॉनिटरिंग के लिए राजस्व, खाद्य, सहकारिता विभाग तथा मंडी बोर्ड के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान की आवक को रोकने के लिए जांच चौकी स्थापित करने सहित सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है।

■ जिले के 48 हजार किसानों से 3 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य

धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्था किया गया है। धान की खरीदी अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से की जाएगी। विक्रय किए गए धान का भुगतान किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। बारदानों की व्यवस्था में नवीनता लाते हुए खरीदी 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों में होगी।

## योग आयोग अध्यक्ष का बस्तर प्रवास आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कल 16 से 18 नवंबर तक योग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रूप नारायण सिंह केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त होने के पश्चात प्रथम बार तीन दिवसीय बस्तर प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ कबीर पंथ के प्रमुख महाराज देवकर साहब, मदकूदीप के महाराज के राम रूप दास तथा आर्य समाज, पतंजलि, गायत्री परिवार के प्रमुख भी रहेंगे। 16 नवंबर को रायपुर से कांकेर के लिए प्रातः रवाना होंगे । सुबह 9:30 बजे चारामा में भारत माता चौक पर योग साधकों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात कांकेर सर्किट हाउस में योग साधकों, कार्यकर्ताओं एवं समाज व्यवस्था संगठन के बंधु के द्वारा मुलाकात एवं बैठक कर जगदलपुर होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए रवाना होंगे। 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा राज्य के योग प्रचार प्रसार, स्वस्थ, निरोगी जीवन शैली अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति आमजनों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम किए जाएंगे।

प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में अपने एवं दूसरों को भी इस हेतु प्रेरित करने आदिवासी बहुल क्षेत्र दंतेवाड़ा में दस दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर 17 से 26 नवंबर का शुभारंभ करेंगे।

## वनपाल अनिल ने बढ़ाया वन विभाग का मान



**जगदलपुर।** भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सामाजिक वानिकी वन मण्डल जगदलपुर के वनपाल अनिल कुमार नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग के 71 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने 177 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाकर स्वर्ण पदक तथा कांस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित बस्तर जिला एवं वन विभाग का गौरव बढ़ाया हैं।

## स्लरी पाइपलाइन विवाद पर झुका प्रशासन, वार्डवासियों की मांग हुई पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बचेली नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 8-9 में स्लरी पाइपलाइन का मुद्दा गर्माया हुआ था। वार्डवासियों के विवादों के बीच प्रशासन ने बुलडोज़र नीति अपनाते हुए 4 परिवारों के घरों को तोड़ा तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य तुलिका कर्मा ने मोर्चा संभाला और अनुविभागीय अधिकारी के इस रवैये पर उन्हें दो टूक जवाब दिया कि अगर मांग अनुचित कार्यवाही नही की गई तो वें धरने पर बैठ जाएंगी,जिस पर सहमति बनी की आज प्रातः वार्ड में ही सभी प्रभावित परिवार एवं जनप्रतिनिधियों के सामने उचित फैसला लिया जाएगा । गौरतलब है कि 11 नवंबर को वार्ड क्रमांक 8 में स्लरी पाइपलाइन के दायरे में आने वाले 4 मकानों को प्रशासन ने अतिक्रमण करार देते हुए ध्वस्त कर दिया था, जिनमें 9 मकान रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में है और 4 नजूल भूमि पर बने थे।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और असंतोष का माहौल बन गया था। वार्ड पार्षद अप्पू कुंजाम और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य तूलिका कर्मा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने इस एक तरफा कार्रवाई का विरोध करते हुए पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग उठाई।



श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### थाना प्रभारी का निषाद केवट समाज ने किया सम्मान

**सरोना।** थाना सरोना में पदस्थ थाना प्रभारी मालिक राम केवट का निषाद-केवट समाज ब्लॉक एवं तहसील सरोना की ओर से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से भेंटकर फल, साल, चंदन और गुलाल लगाकर सम्मानित किया। समाज के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में पुलिस और समाज मिलकर आपसी विश्वास और सहयोग के साथ क्षेत्र के विकास और सुरक्षा में योगदान देंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमु निषाद, चैतु राम निषाद, तितरा राम निषाद, नकुल राम निषाद, भरत निषाद, अशोक कुमार निषाद, कार्तिक राम निषाद, गणेश राम निषाद सहित निषाद समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### आनंद मेला का किया आयोजन



**कांकेर।** शहर के हृदय विद्यालय प्रैक्टिसिंग स्कूल में जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर आनंद मेला एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग स्टॉल लगाकर अलग-अलग वस्तुओं की बिक्री की। सभी छात्र-छात्राओं एवं पालकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अलग-अलग स्लॉट में लगाए गए सामग्रियां को देखकर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की और बच्चों के प्रतिभा की तारीफ किया। पूर्व प्राचार्य अनिता दता राय ने सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आंदोलन की वजह से खरीदी रही प्रभावित


# शुरू हुई धान खरीदी, समिति के अध्यक्ष ने कहा- सोमवार से व्यवस्था में आएगी तेजी





**कांकेर/सरोना/धनेलीकन्हार/बासनवाही।** धान खरीदी के शुभारंभ का 15 नवंबर को पहला दिन था, परंतु कई केंद्रों पर सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल में रहने के चलते केंद्रों पर ताला लटका रहा, वहाँ सफाई भी देखने को नहीं मिली। ताला लटके केंद्रों को देखने पहुँचे किसानों का कहना था कि अभी तक टोकन भी नहीं कटा है, हम लोग पहले दिन ही परेशान हो गए। जिले के मरकाटोला खरीदी केंद्र पर ताला लटका मिला, वहाँ पर पहुँचे किसान ने बताया कि हम देखने आए थे, परंतु यहाँ तो ताला लटका हुआ है, कोई जवाब देने वाला भी नहीं है। धान खरीदी के पहले दिन ही हम लोगों को भटकना पड़ रहा है। किसान का कहना था कि समिति वालों को भी इस समय आंदोलन नहीं करना चाहिए था, ऐसे समय आंदोलन करने से किसान परेशान होते है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र मालगांव में भी किसानों को निराशा हाथ लगी। यहां भी किसी किसान का धान खरीदा नहीं जा सका। इस मौके पर सरपंच रमेश कुंजाम, पटवारी रमेश कोड़ोपी, पंचायत सचिव प्रफुल्ल साहू और अजय नेताम मौजूद रहे। सभी ने केंद्र का शुभारंभ तो किया, लेकिन वास्तविक खरीदी शुरू न होने से किसान उलझन में पड़े रहे। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बुदेली के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र डवरखार में भी स्थिति सामान्य नहीं रही, यहां किसी भी किसान का धान नहीं खरीदा गया। स्थानीय स्तर पर यह जानकारी सामने आई कि केंद्र में कर्मचारियों की अनुपस्थिति एवं हड़ताल के चलते खरीदी प्रभावित रही। मौके पर केवल समिति के अध्यक्ष बैराग शोरी उपस्थित रहे और उन्होंने केंद्र का औपचारिक शुभारंभ कराया। अभनपुर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र में भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अभनपुर के अध्यक्ष मनुराम भास्कर ने बताया कि समिति के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से धान खरीदी पहले दिन संभव नहीं हो सकी, हालांकि केंद्र का उद्घाटन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोमवार से धान खरीदी नियमित रूप से प्रारंभ कर दी जाएगी।

### बासनवाही, मुसुरपुट्टा व मांडाभर्री में नहीं हुई



नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले खरीदी केंद्र बासनवाही, मुसुरपुट्टा और मांडाभर्री के धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया पहले ही दिन ठप हो गई। सहकारी समिति के कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए, जिसके कारण किसी भी केंद्र में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। किसान सुबह से ही उपार्जन केंद्र पहुँच गए थे। कई किसान तो टोकन कटवाने के लिए लाइन लगाकर इंतजार करते रहे, लेकिन सभी केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। कर्मचारियों के नदारद रहने से न तो टोकन वितरण हो पाया और न ही तौल प्रक्रिया हो पाई। किसान सुकचन्द ध्रुव, किशोर कुमार साहू, घासु राम कश्यप, तुलेश्वर साहू व कोमल साहू ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित तिथि पर खरीदी शुरू होने की उम्मीद थी, इसलिए वे समय पर धान खरीदी केंद्र पहुँच गए, लेकिन हड़ताल के चलते पूरे दिन परेशानी उठानी पड़ी।

### चार माँगों को लेकर हड़ताल पर

सहकारी समिति के कर्मचारियों का कहना है कि उनकी चार सूत्रीय माँगों सेवा शर्तों का निर्धारण, नियमितिकरण, वेतन विसंगति समाधान तथा कार्यभार भत्ता को लेकर वे लंबे समय से शासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन समाधान न मिलने के कारण उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने और खरीदी प्रक्रिया जल्द शुरू कराने की मांग की है, ताकि उनकी उपज सुरक्षित और समय पर खरीदी हो सके।

# मुर्गे की गंदगी पर देवरानी-जेठानी में मारपीट, काउंटर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



जिले के थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम पीवी-11 कृष्णनगर में बुधवार की सुबह परिवार के अंदर हुए आपसी विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मामूली तकरार गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई, जिसके बाद एक ही परिवार की दो महिलाओं ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना पखांजूर में शिकायत दर्ज कराई।

दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बीना राय पति रजनीकांत राय ने थाना में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि दिनांक 13 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे वह घर में पूजा कर रही थीं। तभी घर के बाहर शोर सुनकर बाहर आईं, जहां उनकी देवरानी ज्योतिका राय पति राकेश राय उनसे विवाद करने लगी। प्रार्थिया के अनुसार, देवरानी ने मुर्गी की गंदगी को लेकर उन्हें अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से हमला किया। बीना राय ने आरोप लगाया कि आरोपिया ने बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिराया और गला दबाकर मारपीट की, जिससे उनकी जान को खतरा पैदा हो गया था। घटना के दौरान उनके पति ने बीच-बचाव किया। प्रार्थिया ने यह भी आरोप लगाया कि देवरानी ने उनके मायके पक्ष के प्रति भी अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया। दूसरी ओर, इस मामले में ज्योतिका राय ने भी पुलिस में प्रतिवेदन देकर अपनी जेठानी बीना राय पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया। ज्योतिका ने बताया कि सुबह घर के बाहर मुर्गियों की गंदगी को साफ करने की बात कहने पर तकरार शुरू हुई। आरोप है कि इसी बात को लेकर बीना ने उन्हें बाजारू एवं अन्य अशोभनीय शब्द कहे, जिससे विवाद बढ़ गया।

### जाँच के बाद ही विवाद का सही कारण मिलेगा

दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग किया। थाना पखांजूर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट प्राप्त कर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का है, जिसकी जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है। दोनों पक्षों के बयान, स्थान निरीक्षण और आवश्यक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद ही वास्तविक तथ्य स्पष्ट होंगे।

# अमोड़ा में जियो टावर केबल चोरी का खुलासा, आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नरहरपुर तहसील के ग्राम अमोड़ा के डोंगरीपारा में स्थित जियो टावर में केबल वायर की चोरी के मामले में नरहरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया, जिसके बाद चोरी गया सामान और घटना में प्रयुक्त औज़ार बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार घटना 14 नवंबर की रात लगभग 1 बजे की है, जब आरोपी सलीम मंडावी, पिता स्व. राधेराम मंडावी, उम्र 28 वर्ष, निवासी आंखीहर्रा जियो टावर के केबल वायर को ग्लाइंडर कटर से काटकर चोरी कर रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने संदिग्ध गतिविधि देख आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही थाना नरहरपुर टीम मौके पर पहुँची और आरोपी को कब्जे में लेते हुए चोरी गया दो नग केबल वायर कीमत लगभग 15,000 रूपएं बरामद किया। इसके साथ ही ग्लाइंडर कटर, पेंचिस, पेचकस, आरी ब्लेड, आरी फ्रेम, ड्रिल बीड और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एस 7855 तथा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। आरोपी से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चोरी किया गया केबल वायर बरामद कर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही करने में सहायक उप निरीक्षक बुधारूराम मरकाम, प्रधान आरक्षक जगदीश नेताम, आरक्षक नीलेश निषाद, आरक्षक धर्मेंद्र साहू और आरक्षक 544 लीलाराम साहू शामिल रहे।

# विद्यार्थियों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त कर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में चार दिवसीय बैगलेस डेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त रखते हुए उन्हें कौशल-आधारित, अनुभवात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना रहा। बैगलेस डे के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विभिन्न विधाओं का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।

आयोजित चार दिवसीय बैगलेस डे का आयोजन 12 से 15 नवंबर तक किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। कुम्हार द्वारा कार्यशाला पारंपरिक मिट्टी कला से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने चाक पर स्वयं मिट्टी के बर्तन बनाकर हस्त कौशल सीखा। पेंटर द्वारा कला सत्र- कला प्रशिक्षक ने रंगों की तकनीक, स्केचिंग और रचनात्मकता बढ़ाने के लिए अभ्यास करवाया। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। आत्मरक्षा प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण विशेष रूप से छात्राओ एवं छोटे बच्चों को आत्मरक्षा के मूलभूत कौशल, सुरक्षा तकनीकें तथा आत्मविश्वास बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण बातें सिखाई गईं। खेल प्रशिक्षक द्वारा हैंडबॉल, फिटनेस ड्रिल, टीम-कोऑर्डिनेशन गेम्स आदि का अभ्यास करवाया, जिससे विद्यार्थियों में ऊर्जा, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।



- शास्त्रीय नृत्य कथक की विभिन्न विधाओं का मनमोहक प्रस्तुति दी

### विद्यालय के प्रयासों को एक नई दिशा

कार्यक्रम में थाट, आमद, तोड़े-टुकड़े, परन, चक्कर तथा भाव प्रदर्शन जैसी कथक की प्रमुख शैलियों को अत्यंत सहजता और सौंदर्य के साथ मंचित किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु-परंपरा आधारित नृत्य ही साधना की भावना को जीवंत करते हुए ताल, लय और अभिव्यक्ति के समन्वय से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को सामने रखा, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के विद्यालय के प्रयासों को भी एक नई दिशा दी।

### पढ़ाई के साथ सीखेंगे जीवन कौशल

विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने कहा कि बैगलेस डे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में इसे नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ जीवन-कौशल भी सीख सकें।

# ग्राम कराकी में ईसाई धर्मांतरित तीन परिवारों की मूल धर्म में हुई वापसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल


परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ श्रीफल भेंटकर इन परिवारों का स्वागत किया

जनजातीय गौरव दिवस एवं कराकी जनजाति जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कराकी ग्राम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान गांव के ईसाई धर्म अपनाए हुए तीन परिवारों ने सार्वजनिक रूप से अपने मूल धर्म में वापसी की घोषणा की। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों ने परंपरागत पूजा-अर्चना के साथ श्रीफल भेंटकर इन परिवारों का स्वागत किया। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को लेकर गांव के लोगों में असंतोष दिखाई दे रहा है। इसी के चलते कई परिवार पुनः अपनी पारंपरिक आस्था की ओर लौटने का निर्णय ले रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज और संस्कृति की पहचान बनाए रखने के लिए जागरूकता आवश्यक है। सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी धर्मांतरित परिवारों से भी अपने मूल धर्म में लौटने की अपील की गई। वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अपनी जनजातीय संस्कृति, परंपरा और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इसी प्रेरणा से समाज में जागरूकता फैल रही है और लोग अपनी जड़ों को सहेजने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक संरक्षण आज की आवश्यकता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने गांव की समरसता और परंपरा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, सरपंच साधना सहारे, धनसिंह पुंगाटी, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम ध्रुव, चैन सिंह कोवाची, बहादुर तुलावी, रामप्रसाद पुंगाटी, नामदेव मरकाम, रामलाल जैन, हिरालाल कोमरे, दुर्जन सिंह कुमेटी, जागेश्वर टेकाम, हलालराम सलाम, नरेश कोमरे, नारायण सिंह पटेल, शिवलाल उसेंडी, श्यामलाल पद्दा, रजनाथ उयके, राजेश हिडको, गजेश जाड़े, अमरसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोबाइल चार्जिंग की बात पर दो युवकों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** श्यामनगर अंतागढ़ में आधी रात मोबाइल चार्जर की मामूली बात को लेकर दो युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आवेदन पेश कर दिया। घटना 13 नवंबर की रात लगभग 2 बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में 31 वर्षीय लोकेश कुमार नाग निवासी श्यामनगर अंतागढ़ ने थाना प्रभारी अंतागढ़ को दिए आवेदन में बताया कि वह रात 2 बजे टावर के पास आग सेक रहा था, तभी लाटापारा अंतागढ़ निवासी 27 वर्षीय आशीष कुमार नेताम वहां पहुंचा। लोकेश के अनुसार, उसने आशीष से मोबाइल चार्जर के बारे में पूछा, जिस पर आशीष ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पास पड़ी लकड़ी के डंडे से मारपीट की। लोकेश ने आरोप लगाया कि मारपीट में उसके दोनों गाल, दाहिने हाथ की उंगली और दोनों पैरों के पंजों में चोट आई है। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। वहीं दूसरी ओर आशीष कुमार नेताम ने भी अपने आवेदन में विपरीत आरोप लगाए हैं। आशीष का कहना है कि वह नींद न आने से आग सेकने के लिए टावर के पास पहुंचा, जहां लोकेश पहले से मौजूद था। चार्जर की बात पर लोकेश ने ही पहले गाली-गलौज शुरू किया और हाथ, मुक्का व लात से मारपीट की, जिससे उसके बाएं हाथ, पीठ और दोनों गाल में चोट आने का दावा किया है। आशीष ने भी

# ट्रैक्टर की टक्कर से शिक्षिका की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर



हाई स्कूल भीगिडार में पदस्थ 25 वर्षीय शिक्षिका रीता कांगे की शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। शिक्षिका स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूटी से अपने घर लौट रही थीं। ग्राम सोहगांव के यू-आकार वाले मोड़ पर पखांजूर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी, जिससे शिक्षिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हाई स्कूल भीगिडार में पदस्थ शिक्षिका रीता कांगे की ट्रैक्टर की टक्कर से मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पखांजूर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ के साथ ही पास के पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर ट्रैक्टर की पहचान किया। पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी चालक और ट्रैक्टर को ग्राम पीवी 13 से पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार हादसे के समय चालक नशे में था। रीता कांगे पखांजूर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 की निवासी थीं और भाजपा पार्षद संगीता कांगे की छोटी बहन थीं। कुछ माह पूर्व ही उनकी पदस्थापना हाई स्कूल भीगिडार में प्रयोगशाला परिचालक के रूप में हुई थी। दुर्घटना के दौरान उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, फिर भी ट्रैक्टर की तेज टक्कर से उनकी छाती में गंभीर चोट आई, जो जानलेवा साबित हुई।


online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हृदय रोग
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
19 नवंबर 25, बुधवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थान: श्रीराम हॉस्पिटल, घड़ी चौक के पास, बस्तर रोड, कांकेर
समय: सुबह 11 से 12 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. भरत अग्रवाल
DNB-MED, DNB-Cardiology
Consultant - Interventional Cardiology



आयुष्मान भारत योजना से एंजियोप्लास्टी, वाल्व रिप्लेसमेंट हृदय बाईपास सर्जरी से इलाज किया जाता है।
ईको की सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग के प्रमुख लक्षण
- हृदयाघात (हार्ट अटैक)
- हार्ट फेलियर
- एरिथमिया (अनियमित दिल की धड़कन
- हाइपरटेंशन (ब्लड प्रेशर)
- हार्ट वाल्व की समस्या
- हृदय रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान

रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: 9179090912, 9926326047
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI